लोगों को साइबर ठगी से बचने के तरीके बताए

अभियान चलाते लोग। संवाद

भावलखेड़ा। क्विक हील फाउंडेशन और पुलिस के तत्वावधान में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के सदस्यों ने चौराहों पर लोगों को साइबर ठगी से बचने के तरीके बताए। शनिवार को थाना राम चंद्र मिशन क्षेत्र के पुत्तू लाल चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि ओटीपी किसी के साथ शेयर न करें। सोशल मीडिया का इस्तेमाल कम से कम करें। सोशल मीडिया पर अपने फोटो एचडी क्वालिटी के न अपलोड करें। संदिग्ध लिंक, कॉल, मेसेज का जवाब न दें।

किसी भी वेबसाइट पर कोई भी लेनदेन करने से पूर्व उसके बारे में पूर्ण जानकारी कर लें। टीम में मुंबई के योगेश शेट्ये, अमोल आगलावे, नीलेश माने, कृष्णा नवले, गौरव निमकर, कृष्णा सकपाल आदि शामिल रहे। संवाद